# वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की कार बरामद

## पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जयपुर और जोधपुर में भी चोरी की वारदातें करना कबूल किया

**अजमेर, (कासं)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गत दिनों चोरी हुई कार के मामले में पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर चोरों के कब्जे से चुराई गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातें करना कबूला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान में जुटी है।

सिविल लाइन थाने के हैड कांस्टेबल हरिराम ने बताया कि चंदरबरदायी निवासी मनोज कुमार 29 फरवरी को जयपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में दोस्तों व परिवार के सदस्यों के साथ क्रेटा कार में खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद जब वह रेस्टोरेंट से बाहर आए तो उनकी कार बाहर नहीं मिली। रेस्टोरेंट के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे खंगालने के बाद पता चला कि दो युवक कार चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित मनोज ने सिविल लाइन थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।




पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी द्वारा टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 मार्च को जोधपुर से पीड़ित की कार को बरामद कर लिया था। चोरी करने वाले दोनों बदमाश वहां से फरार हो गए थे, जिनकी तलाश के लिए अलग-अलग जगहों पर दबिश दी जा रही थी। टीम ने तकनीकी सूचना व मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जयपुर से जोधपुर निवासी मनीष सोलंकी और सवाई माधोपुर निवासी रामप्रसाद उर्फ राजवीर को गिरफ्तार किया। पुलिस में पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जयपुर और जोधपुर में भी चोरी की वारदातें करना कबूल किया है। हेड कांस्टेबल हरिराम ने बताया कि आरोपी मनीष के खिलाफ पूर्व में 30 और रामप्रसाद के खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों लग्जरी लाइफ जीने के लिए लग्जरी गाडियों को चोरी कर बेच देते थे। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराई गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस को अन्य वारदातें खुलने की संभावना है।

- **आरोपी मनीष के खिलाफ पूर्व में 30 और रामप्रसाद के खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज हैं**

# मांडलगढ़ की कंजर बस्ती में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलेगा

## कंजर बस्ती के पास बाहरी लोगों ने घर बना लिए और जिस्मफरोशी का धंधा चलाया जा रहा है



मांडलगढ़ में समाज संगठन के लोगों ने बैठक कर समझाइश की।

- **पुलिस और प्रशासन अनैतिक कार्य को बंद करने नाकाम रहा तो समाज के नेताओं ने पहल शुरू की**
- **नगर पालिका प्रशासन ने बस्ती के लोगों से घर स्वामित्व दस्तावेज तलब करने की प्रक्रिया शुरू की**

**माण्डलगढ़, (निस)।** मांडलगढ़ में रेलवे स्टेशन के पास हाइवे सड़क मार्ग किनारे कंजर बस्ती में जिस्मफरोशी का धंधा डेढ़ दशक से खुलेआम चल रहा है। इसे बंद कराने में पुलिस और प्रशासन नाकाम रहा है। इस मामले को लेकर समाज संगठन के नेताओं ने रविवार को दशहरा मैदान पर एक बैठक लेकर जिस्मफरोशी के धंधे को बंद करने की मुहिम शुरू की है।

नेताओं ने कहा कि इस अनैतिक कार्य से समाज के साथ मांडलगढ़ शहर का नाम बदनाम हो रहा है। दूसरी ओर जिस्मफरोशी के धंधे वाली बस्ती पर बुलडोजर चलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने करीब 50 लोगों को नोटिस भी जारी कर घर के स्वामित्व के दस्तावेज तलब किए जा रहे हैं। लेकिन इस बस्ती में स्थानीय कई लोग जिस्मफरोशी के इस धंधे में जुड़े हुए नहीं होने के बावजूद इन लोगों को बेदखली का डर सता रहा है। इस बस्ती के स्थानीय लोगों की पहल पर समाज संगठन के नेता आगे आए और एक बैठक लेकर निर्णय किया कि जो लोग बाहर से आकर यहां लड़कियां से जिस्मफरोशी का धंधा चला रहे हैं, इसे बंद कर दें।और बस्ती छोड़ कर चले जाएं। बैठक में समाज संगठन के नेताओं ने इस अनैतिक कार्य को करने वाले लोगों और लड़कियों को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया गया हैं। मांडलगढ़ में करीब डेढ़ दशक से इस बस्ती में वेश्यावृत्ति का धंधा खुलेआम फलफूल रहा है, यहाँ आने वाले ग्राहकों से बस्ती के कुछ बदमाश लोग लूटपाट और मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यहां बाहरी गांवों से आई 12 साल से 30 साल की 60 से अधिक लड़कियां वेश्यावृत्ति में लिप्त हैं। वहीं कंजर बस्ती के स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि बाहर गांव व शहरों से आए लोगों ने यहां आकर जिस्मफरोशी का धंधा शुरू किया है, यहां के लोग खेती-बाड़ी करते आए हैं।

बैठक में कंजर समाज सुधार विकास संगठन के जिलाध्यक्ष भागचंद झंझावत, प्रदेश संगठन के संरक्षक भोलूराम झांझावत, जिला महासचिव रविन्द्र नानावत ने समझाइश कर वेश्यावृत्ति के धंधे को बंद करने की पहल की। बैठक में मांडलगढ़ थाने के सहायक उप निरीक्षक गोपाललाल मीणा अन्य पुलिसकर्मी और समाज के कई युवक, महिला व पुरुष मौजूद रहे।

गौरतलब है कि मांडलगढ़ उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह को उक्त बस्ती में अवैध निर्माण कर जिस्मफरोशी का धंधा चलाए जाने की शिकायत मिली। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका ने बस्ती के सभी लोगों को नोटिस जारी किए है। जाच के बाद अतिक्रमियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।



**केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के मंत्री बनने के बाद पहली बार अंराई आने पर नुवाद मार्केट में जिला परिषद सदस्य नाथु नुवाद के द्वारा स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया, जहां केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने 21 किलो के फूलो का हार पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामसिंह राठौड़, पूर्व मंडल निर्मल कुमार भंडिया, पंचायत समिति सदस्य रिदकरण भील, पंचायत समिति पूर्व प्रधान रामलाल गेजण, मंडल उपाध्यक्ष गोपीलाल मेवाड़ा, ताराचंद किराडिया, पूर्व सरपंच गोपाल मेघवंशी, सांदोलिया सरपंच रामराज चांगल आदि मौजूद थे।**

# पत्नी को वापस लाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ा युवक

**चूरू, (कासं)।** अपनी पत्नी को वापिस लाने की जिद पर अड़े युवक ने पानी की टंकी पर चढ़कर अपनी मांग को पुरजोर ढंग से सबके सामने रखा। जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने पहले पत्नी किसी दूसरे युवक के साथ चले जाने से परेशान पति रविवार को शहर के शहीद स्मारक के पीछे स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक पुलिस से उसकी पत्नी को वापस लाने की मांग करने लगा। सूचना मिलते ही कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी, एएसआई सुरेश कुमार व राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक से समझाइश की, लेकिन वह नीचे नहीं उतरा।

कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि वार्ड 45 सीकर हाल सरदारशहर निवासी राशीद (27) रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पानी की टंकी पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां सामने आया कि उसकी शादी पांच साल पहले जसरासर निवासी साइना के साथ हुई थी। उसके दो साल का बेटा और एक साल की बेटी है। बेटा अपने नाना के पास ननिहाल में रहता है। करीब दो-तीन महीने पहले पत्नी साइना मंडावा के युवक आबिद के साथ चली गई। इसे लेकर राशीद ने सरदारशहर पुलिस से गुहार भी लगाई थी। राशीद रविवार सुबह सरदारशहर से चूरू आ गया था। करीब साढ़े 11 बजे टंकी पर चढ़ गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने युवक को समझाने का काफी प्रयास किया, मगर युवक नहीं माना और मांग पर अड़ा रहा।

# दो साल में बिजली खरीदने वाला नहीं, बेचने वाला प्रदेश बनेगा: सी.पी. जोशी

- **कपासन में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी का सम्मान किया**

**कपासन, (निसं)।** कपासन में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां भाजपा की ओर से एसआर वाटिका कपासन में विधानसभा स्तरीय समारोह में स्वागत अभिनंदन किया और मतदाताओं का आभार जताया गया। जोशी ने कहा कि मतदाताओं ने पीएम मोदी पर विश्वास कर तीसरी बार जिताया और उन्हें भी आशीर्वाद देकर तीसरी बार सांसद चुना। साथ ही इसके लिए मतदाताओं का आभार जताया।

साथ ही कहा कि अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार हैं। इस डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में कपासन विधानसभा में विकास का एक इतिहास बनेगा। यहां क्षेत्र में पानी की समस्या है और विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने पानी नहीं आने तक पगड़ी नहीं पहने प्रण ले रखा है। अब फीडर संबंधी जो भी काम है, उसे पूरा किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने प्रदेश में बिजली समस्या को लेकर कहा कि गहलोत सरकार बिजली खरीद कर देती थी। जितनी मेघा वाट खरीदी उससे अधिक देनी पड़ी, लेकिन अब हमारी सरकार प्रदेश को अगले दो साल में बिजली खरीदने वाला नहीं बिजली बेचने वाला प्रदेश बना देगी। समारोह में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के आठ मंडलों सभी मोर्चा मंडलों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, विद्यार्थी परिषद, सरपंच संघ आदि की ओर से सांसद जोशी का अभिनंदन किया गया। युवा मोर्चा ने तलवार और तीर कमान भेंट कर अभिनंदन किया। सांसद जोशी के कपासन पहुंचने पर दो जेसीबी से फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। सांसद जोशी ई-मोपेड पर विधायक जीनगर के साथ सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# अपहरण और बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली महिला थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के अपहरण एवं बलात्कार करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला थाना अधिकारी मंजू फौजदार ने बताया कि करौली सदर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 19 जून को अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने व बलात्कार करने के संबंध में एक रिपोर्ट पेश की थी।

प्रकरण महिला अत्याचार संबंधी होने पर तुरंत कार्यवाही करते हुए मामला पोक्सो एक्ट में दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश हेतु थाने के सब उपनिरीक्षक रामनिवास के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा आरोपी के मकान एवं संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। आरोपी के मोबाइल नंबर की सीडीआर एवं लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था। परंतु आरोपी घटना के दिन से ही फोन स्विच ऑफ करके फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर गठित टीम द्वारा आरोपी सौरभ पुत्र रामबाबू जाटव को धंधावली थाना सूरौठ से दस्तयाब किया गया है।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, युवती सहित तीन घायल

**मसूदा, (निसं.)।** मसूदा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुरा सेकंड के ग्राम महेरिया मगरी में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुये खूनी संघर्ष में एक युवती सहित तीन घायल हो गये। तीनों को 108 एंबुलेंस चालक राजेन्द्र जाट व कम्पाउंडर भागचंद चौधरी द्वारा मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टर अमित कुमावत व नर्सिंग स्टाफ काली गुर्जर व रहमान व रामस्वरूप द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के दौरान दो की हालत गंभीर होने के कारण अमृतकोर चिकित्सालय ब्यावर के लिए रेफर किया।



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की जानकारी प्राप्त होने पर मसूदा पुलिस घटनास्थल व चिकित्सालय पहुंचकर पीड़ितों से मामले की जानकारी प्राप्त की। जानकारी के अनुसार दौलतपुरा सेकंड निवासी रोशन ने बताया कि वह अपने पुत्र शकील व पुत्री अफसाना के साथ घर के बाहर बैठे थे। तभी पास ही के खेत निवासी दुर्गा (विधवा) को अज्ञात लोग गाली-गलौज को मारपीट कर रहे थे। इस पर रोशन व रोशन के परिवार ने अज्ञात लोगों से मारपीट व गाली गलौज से रोकने का प्रयास किया तो सभी आठ-दस व्यक्तियों ने एकजुट होकर मेरे को मेरे पुत्र को मेरी पुत्री पर हथियार से लैस होकर जानलेवा हमला किया। जिससे मैं वह मेरा परिवार घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# छात्र ने सुसाइड किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के रोहनवाड़ा गांव में दसवीं क्लास के स्टूडेंट फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। अहमदाबाद में मजदूरी कर रहे पिता के लौटने के बाद रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

सदर थाना एएसआई राजकुमार ने बताया कि पिया बाबूलाल पलात की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि वह गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी करता है। घर पर पत्नी और 2 बेटे रहते हैं। छोटा बेटा संतोष पलात (13) ने इस बार नवीं कक्षा पास करने के बाद दसवीं कक्षा में एडमिशन लिया है। शनिवार शाम के समय संतोष ने घर के पीछे ही एक पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आसपास के लोगो ने उसे फंदे पर लटका देखकर उसके परिवार के लोगो को सूचना दी। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया।

# सरकारी भूमि को बचाने के लिए 19 पार्षदों ने गुहार की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर पालिका गुलाबपुरा की करोड़ों की लगभग 12 बीघा 17 बिस्वा भूमि को भू-माफिया से बचाने के लिए नगर पालिका गुलाबपुरा के 19 पार्षदों ने मुख्यमंत्री से गुहार की है और आरोप लगाया है कि नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी इस काम में लिप्त हैं और भूमाफिया ने इस सरकारी जमीन पर प्लाट काट कर बेचने का काम प्रारंभ कर दिया है।

पत्र में इन पार्षदों ने बताया कि गुलाबपुरा शहर में यह भूमि दोवनिया बालाजी रोड के पूर्व दिशा की ओर स्थित है, जिस पर खातेदार कविता जैन पत्नी पवन कुमार जैन एवं निर्मला खींचा पत्नी अरविन्द खींचा द्वारा अपनी भूमि के साथ नगरपालिका गुलाबपुरा की सरकारी भूमि को अपने ले-आउट प्लान में सम्मलित करते हुए पालिका की भूमि को ही विलुप्त कर दिया है और सीधे ही रोड पर अपनी जमीन दिखा दी है। खातेदारान द्वारा पालिका की बेशकीमती करोड़ों रूपये की जमीन को अपने ले-आउट प्लान में शामिल करते हुए मुख्य मार्ग पर अपनी भूमि नहीं होते हुए भी पालिका की बेशकिमती भूमि को हड़पने की नियत से ले-आउट प्लान प्रस्तुत कर दिया है और प्रस्तुत ले-आउट प्लान को अधिकारी व कर्मचारी भू-माफिया से मिलाभगती करके स्वीकृत करने को आतुर है।

इस पत्र की प्रति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव सुधांशु पंत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक, उप निदेशक, मुख्य नगर नियोजक, वरिष्ठ नगर नियोजक, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को भेजी गई है। पत्र में उल्लेख किया कि न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गुलाबपुरा के आदेश दिनांक 10.01.2022 की पालना में तहसीलदार हुरडा, गिरदावर एवं पटवारियों द्वारा दिनांक 23 जून 2022 को कराई गई पत्थरगढी में मौका पर्चा व नजरी नक्शा में पालिका की खसरा संख्या 124 की सरकारी भूमि को मौके पर भी दोवनीया बालाजी रोड के पूर्व दिशामें खातेदार की भूमि से पहले बताया गया है। भू-माफिया ने न्यायालय के आदेशों की पालना में हो रखी पत्थरगढी के विपरित जाकर पालिका की उक्त भूमि पर नाजायज कब्जा कर लिया है तथा बिना नक्शा अनुमोदन कराये एवं बिना भू-रूपांतरण कराये कृषि भूमि पर मुटाम इत्यादि लगाकर गैर कृषि उपयोग किया जा रहा है जिस पर कानूनी कार्यवाही की जावे।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों में महावीर लढा, चेतनदास पेशवानी, रामदेव खारोल, मो. सद्धीक कुरेशी, ललित कुमार, राजेश बिलाला, अफजल हुसैन, लोकेन्द्र सिंह राठौड़, अब्दुल सलाम, पूर्णिमा मेवाड़ा, सबर देवी जैन, शाहिन बानू, मीरा प्रजापति, तबस्सुम गौरी, प्रियंका शर्मा, जयप्रकाश पहाड़िया, रामदेव बैरवा, महेंद्र भील, हरि सिंह कानावत आदि शामिल है।

# दो बच्चों के पिता ने सुसाइड किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया निचला फला में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त पत्नी खेतों में काम कर रही थी। बच्ची के चिल्लाने पर मां दौड़कर आई, लेकिन पति की जान नहीं बचा सकी। कोतवाली थाना एएसआई विपिन जोशी ने बताया कि शंकर बरंडा आवासी भंडारिया निचला फला ने मामला दर्ज कराया है।

- **घटना के समय मृतक की पत्नी खेत पर काम कर रही थी**

रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मणिलाल बरंडा (45) घर पर अकेला था। पत्नी कल्पना घर से कुछ दूर खेतों में काम कर रही थी। बेटी और एक बेटा घर के बाहर ही खेल रहे थे। उसी समय मणिलाल घर में लकड़ी की बल्ली से साड़ी का फंदा लगाकर लटक गया। उसी समय बेटी खेलते हुए घर में गई। पिता को फंदे पर लटका देखकर चिल्लाई। जिस पर खेतों में काम कर रही पत्नी दौड़कर आई और फंदे पर लटके पति की साड़ी काटकर नीचे उतारा। मणिलाल को गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। इलाज के दौरान मणिलाल की मौत हो गई। इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# एनसीआर क्षेत्र में संचालित ईंट-भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों की घर वापसी शुरु

## ईंट-भट्टों पर इस साल मात्र 122 दिन काम चला और बंद हो गया

**भरतपुर, (निसं)।** एनसीआर क्षेत्र में संचालित ईंट-भट्टों पर इस साल मात्र 122 दिन काम चला और बंद हो गया और 60 प्रतिशत से अधिक ईंट-भट्टों से श्रमिकों की घर को वापसी हो गई, शेष ईंट-भट्टों से भी धीरे-धीरे श्रमिकों का जाना जारी है। ये श्रमिक अपने परिवार सहित देश के कई राज्यों से दशहरा से दीपावली पर्व के आसपास आते हैं और गुरू पूर्णिमा से रक्षाबन्धन पर्व तक अपने घरों को लौट जाते हैं। जब ये गांव व घर से आते हैं और 7 से 8 माह के बाद लौटते हैं, तो सभी के चेहरे पर खुशियां नजर आती है, जिन्हे ईंट-भट्टा मालिक, मुनीम व अन्य कर्मचारी श्रमिकों के द्वारा किए गए कार्य का हिसाब कर मिष्ठान व वस्त्र देकर निजी वाहनों में सवार कर रवाना करते हैं। अधिकांश श्रमिकों के मुख से एक ही वाक्या सुनने को मिलता है कि आ अब लौट चले। ये भले ही एक फिल्म का नाम है, ईंट-भट्टों से लौट रहे श्रमिकों के दृश्य पर सटीक साबित हो रहा है।




ईंट-भट्टे बंद होने से 60 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों की घर वापसी शुरु हो गई।

भरतपुर जिले के उपखण्ड वैर, नदबई, भुसावर, नगर तथा पड़ौसी जिले अलवर के उपखण्ड कठूमर, लक्ष्मणगढ़ एवं दौसा जिले के उपखण्ड महवा, मण्डावर, करौली जिले के उपखण्ड टोडाभीम में करीब 300 से अधिक ईंट-भट्टे संचालित हैं। भरतपुर जिले में कस्बा हलैना, नदबई, गांव बेरी, रामनगर, नसवारां, हन्तरा, सरसैना, ईरनियां, अरोदा, बुढवारी, भदीरा, नामखेड़ा, करीली, ऊंच, कबई, रौनिजा आदि गांवों पर 125 से अधिक ईंट-भट्टे हैं।

ईंट भट्टा संचालक चंचल जिन्दल व सतीश जिन्दल ने बताया कि भरतपुर जिला एनसीआर क्षेत्र में आता है। जिले के वैर, नदबई, भुसावर व नगर उपखण्ड क्षेत्र में ही ये भट्टे संचालित हैं। जहां ये भट्टे लगे हुए हैं, वहां से दिल्ली की दूरी करीब 250 किमी है और ताजमहल की दूरी करीब 75 किमी है। दिल्ली से दौसा, अलीगढ़, मथुरा की दूरी करीब 120 किमी से 200 किमी होगी। इन जिले में एनसीआर के नियम लागू नहीं होते हैं। जहां ईंट भट्टें की चिमनी से धुआं नवम्बर व दिसम्बर से निकलाना शुरू हो जाता हैं जबकि भरतपुर जिले में 1 मार्च से भट्टे की चिमनी से धुआं निलकता है और ये भट्टे चालू होते हैं। ऐसा होने से भरतपुर जिले को ईंट भट्टा कारोबार चौपट हो गया। एनसीआर नियम से जिले में साल 2000 से 2024 तक करीब 180 ईंट भट्टे बन्द हो गए। वर्ष 2022 में 55, वर्ष 2023 में 43 तथा वर्ष 2024 में 21 भट्टे बन्द हुए। साल 2025 में भी कई भट्टे बन्द हो सकते हैं।

ईंट-भट्टा मालिक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष चौधरी व पंकज बिजवारी ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में भरतपुर जिले का आना और कठोर नियम के कारण जिले का उद्योग धंधा चौपट हो गया। जिले के अनेक उद्योग बन्द हो गए। अब ईंट उद्योग धंधा भी बन्द के कगार पर है। यदि भरतपुर जिले के उपखण्ड वैर, भुसावर, नदबई, नगर आदि एनसीआर क्षेत्र के निकले और राजस्थान प्रान्त में एक साथ ईंट-भट्टों की जलाई शुरू हो,तभी ईंट सस्ती होगी और ईंट-भट्टा कारोबार प्रगति करेगा। ऐसा होने से लोगों को रोजगार भी प्राप्त होंगे।

ईंट भट्टा संचालक चंचल अग्रवाल हलैना वाले एवं बिजेन्द्र चौधरी हन्तरा ने बताया कि ईंट-भट्टों पर कार्य करने को स्थानीय एवं राजस्थान के कई जिले सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, गुजराज, पंजाब आदि प्रान्तों से श्रमिक आते आते हैं, जो ईंट थपाई, ईंट जलाई , ईंट निकासी आदि के कार्य करते हैं। श्रमिकों को लाते वक्त उन्हें एडवांस में पैसा दिया जाता हैं और जब ये लौटते हैं, उस वक्त कार्य के हिसाब से पैसा की लेनदेन करते हैं। साथ आगामी साल को भी एडवांस पैसा दिया जाता है, जिससे ये समय पर आ जाए और कार्य शुरू कर दे।